
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-167 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 30 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## हमीरपुर हादसे का सीएम योगी ने लिया संज्ञान

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख के मुआवजे का ऐलान



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**हमीरपुर।** प्रदेश के हमीरपुर में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल गिरने से पांच मजदूरों की मलबे में दबकर मौत हो गई. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लिया है और मौके पर तत्काल राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये के आर्थिक मुआवजे का ऐलान किया है. हमीरपुर हादसे पर सीएम ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है. सीएम योगी ने इस घटना के बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और हादसे में हुई जनहानि पर पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जाहिर की है. सीएम योगी ने प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल राहत-बचाव कार्य तेज करने



के निर्देश दिए. सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए कहा 'जनपद हमीरपुर में बेतवा नदी पर एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं. जिला प्रशासन को स्थ्त्रक्र्न के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य तेजी से संचालित करने हेतु निर्देश दिए हैं. प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें.' बता दें कि हमीरपुर में गुरुवार-शुक्रवार की रात आए तेज आंधी-तूफान में बेतवा नदीं पर बन रहा पुल का बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया. इस हादसे की चपेट में पुल के नीचे सो रहे कई मजदूर आ गए, जिसमें पांच की मौत हो गई जबकि मजदूरों के अब भी फंसे होने की आशंका जताई जा रही है.

ये पुल थाना लालपुर के मोराकंदर और कुरारा की मवाईजार को जोड़ने के लिए बन रहा था. बताया जा रहा है कि तेज आंधी और तूफ़ान की वजह से ये हादसा हुआ. आरोप लग रहे हैं कि पुल के निर्माण कार्य में भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं थे. जिसके बाद पुल के निर्माण को लेकर भी कई तरह के सवाल उठने लगे हैं कि कैसे एक पुल आंधी-तूफान की मार को झेल नहीं पाया. हादसे के बाद घटना स्थल पर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है. एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं. मलबे में अभी और लोगों के भी दबे होने की आशंका है. ख़बर के मुताबिक इस हादसे में मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है.

## मैं जिंदा हूं साहब... बेटी के लौटते ही खुला हत्या का राज, जेल में बंद थे पिता और भाई

( यंग भारत न्यूज )

**बुरहानपुर।** प्रदेश के बुरहानपुर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस से लेकर आम लोगों तक को हैरान कर दिया. जिस युवती की हत्या के आरोप में उसके पिता और भाई जेल में बंद थे, वही युवती अचानक जिंदा थाने पहुंच गई. युवती ने पुलिस से कहा, 'साहब, मैं जिंदा हूं... मेरे पिता और भाई बेकसूर हैं, उन्हें छोड़ दीजिए.' इस घटनाक्रम ने पूरे मामले को सस्पेंस फिल्म जैसी कहानी बना दिया है.

जानकारी के अनुसार खकनार क्षेत्र की रहने वाली शिवानी 24 अप्रैल को अचानक घर से लापता हो गई थी. परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो 1 मई को खकनार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इलाके का ही युवक अर्जुन भी गायब है. इसके बाद दोनों के साथ होने की आशंका जताई गई. अर्जुन की गुमशुदगी 9 मई को दर्ज की गई थी. इसी बीच महाराष्ट्र के जलगांव जामोद इलाके में पुलिस को एक युवती की सिर कटी और बुरी तरह जली हुई लाश मिली. शव की हालत इतनी खराब थी कि पहचान करना मुश्किल हो गया. ऑनलाइन रिकॉर्ड और गुमशुदगी की जानकारी के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस ने बुरहानपुर पुलिस से संपर्क किया. परिस्थितियों को देखते हुए



उस शव को शिवानी का मान लिया गया. इसके बाद पुलिस ने ऑनर किलिंग की आशंका में शिवानी के पिता बापूराव और भाई अजय को गिरफ्तार कर लिया. दोनों को हत्या के आरोप में बुलढाणा जेल भेज दिया गया. परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं. मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब शिवानी को पता चला कि उसकी कथित हत्या के आरोप में उसके पिता और भाई जेल में हैं. यह खबर मिलते ही उसने अपने परिजनों से संपर्क किया. सूचना मिलते ही खकनार पुलिस हरकत में आई और शिवानी तथा अर्जुन को खोज निकाला.पुलिस पूछताछ में शिवानी ने साफ कहा कि वह अपनी मर्जी से अर्जुन के साथ गई थी. दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं. थाना प्रभारी अभिषेक जाधव के मुताबिक युवती के जिंदा होने की पुष्टि उसके अंगूठे के निशान और सरकारी दस्तावेजों से की गई. रिश्तेदारों की मौजूदगी में पंचनामा भी तैयार किया गया. अब महाराष्ट्र पुलिस शिवानी और अर्जुन को अपने साथ जलगांव जामोद ले गई है ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके.वहीं दूसरी ओर जेल में बंद पिता और भाई की रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है कि जलगांव में मिली सिर कटी और जली हुई लाश आखिर किसकी थी. अब मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र पुलिस इस रहस्य से पर्दा उठाने के लिए नए सिरे से जांच में जुट गई है.

## कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस ने शाहरूख नामक शातिर बदमाश को दबोचा

### अपराधी के पैर में मुठभेड़ के दौरान लगी गोली

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** सदर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस को चैकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी के शहर में मौजूद होने की सटीक सूचना मिली। इस पर पुलिस बल ने शहर कोतवाल और एसओजी के नेतृत्व में अपराधी को घेर लिया। जब पुलिस ने सरेंडर करने के लिए ललकारा तो शातिर अपराधी शाहरूख ने पुलिस बल पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा के लिए पुलिस बल ने भी जबावी फायरिंग की तो अपराधी शाहरूख घायल होकर गिर पड़ा उसे अस्पताल पहुंचाया। शेष विवरण की प्रतीक्षा है।

## मुरादनगर में वहाब चौधरी की BSP में वापसी, मायावती को मिला 'MD समीकरण', अखिलेश की टेंशन बढ़ना तय

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती क्या अपने पुराने दलित-मुस्लिम चुनावी समीकरण पर लौट रही हैं? उन्होंने गुरुवार को ईद-उल-अजहा पर्व पर मुस्लिम समुदाय को बधाई दी। और इस समुदाय के बसपा के जुड़ाव की बात भी याद दिलाई। इसके साथ साथ उन्होंने अल्पसंख्यकों का जिक्र करते हुए सत्ता पक्ष पर वार भी किया। यही नहीं उन्होंने करीब ढाई माह पहले बीएसपी से निष्कासित मुरादनगर के पूर्व विधायक वहाब चौधरी का निष्कासन रद्द भी कर दिया। दलितों और मुस्लिमों को पार्टी से फिर से जोड़कर क्या मायावती अखिलेश यादव की साजवादी पार्टी की राह में कांटे बिछाने की तैयारी कर रही हैं?

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता और पूर्व विधायक वहाब चौधरी की करीब ढाई महीने बाद बसपा में वापसी हो



गई है। यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले चौधरी की पार्टी में वापसी का क्या मतलब है? बताया जाता है कि वहाब चौधरी आने वाले विधानसभा चुनाव में मुरादनगर विधानसभा सीट पर फिर से भाग्य आजमाना चाहते है। इसके अलावा उनके बेटे आदिल चौधरी पंचायत चुनाव में जिला पंचायत के वार्ड सात से अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी कर रहे हैं। वहाब चौधरी बसपा के मुस्लिम-दलित गठजोड़ के सहारे अपनी और अपने बेटे की चुनावी सफलता के लिए जोर लगा सकते हैं। वहाब चौधरी की पत्नी छम्मी चौधरी मुरादनगर की चेयरपर्सन हैं। वे बसपा के टिकट पर ही चुनाव में जीती थीं। वहाब चौधरी को 16 मार्च 2026 को बसपा से निष्कासित कर दिया गया था। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने चौधरी का निष्कासन समाप्त कर दिया है। चौधरी की बसपा में वापसी से संकेत मिले कि मायावती मुस्लिम समुदाय के प्रति उदारता बरत रही हैं। उन्होंने ईद-उल-अजहा पर्व पर मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाओं के साथ एक राजनीतिक संदेश भी दिया। मायावती ने कहा कि, 'कुर्बानी का यह पाक त्योहार हमें त्याग, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। बसपा के चार बार के शासनकाल में हर घर में बरकत, हर दिल में अमन और हर बस्ती में खुशहाली थी। हमें एक बार फिर वैसा ही प्रदेश बनाना है। बसपा अपनी सर्वसमाज-हितैषी सरकार के लिए आज भी प्रतिबद्ध है। आज जब देश में नफरत की राजनीति हो रही है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है ईद का यह पैगाम और भी जरूरी हो जाता है। मायावती ने हाल ही में पार्टी के नेताओं की बैठकें की थीं। इन बैठकों में उन्होंने पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं से दलित और मुस्लिम समुदायों के साथ ओबीसी और गरीब सवर्णों को भी पार्टी से जमीनी स्तर पर जोड़ने के लिए कहा। मायावती यूपी की मौजूदा राजनीतिक स्थितियों और अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर खास तौर पर बहुजन समाज पार्टी को इसके उसी मूलभूत जाति और धर्म आधारित समीकरण के साथ आगे ले जाना चाहती हैं जिसके केंद्र में दलित और मुस्लिम समुदाय है। बीएसपी की पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पार्टी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अब पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) के फॉर्मूले को अपनाकर चुनावी लाभ लेने की कोशिश में जुटे हैं। दलित और अल्पसंख्यक समुदायों में बीएसपी का जनाधार बहुत पहले से रहा है। यानी इन दो समुदायों पर यूपी के विपक्ष के इन दोनों दलों की नजर है। यदि मायावती अपने पुराने कोर वोटरों को फिर से बसपा से जोड़ने में सफल होती हैं तो इससे अखिलेश यादव की राह कठिन हो जाएगी। यूपी में सिर्फ पिछड़े वर्ग या सिर्फ दलित मुस्लिम वर्ग के वोट हासिल करके चुनावी जंग नहीं जीती जा सकती है। यदि इन खास समुदायों के वोटों के लिए सपा और बसपा आपस में भिड़ जाएंगी तो इसका फायदा सत्ताधारी एनडीए को मिलेगा। ऐसे में अखिलेश यादव का यूपी की सत्ता फिर से हासिल करने का सपना साकार नहीं हो सकेगा

## अखिलेश के पीडीए के जवाब में बीजेपी के 5 पांडव, पटेल, गुप्ता, ठाकुर से चल दिया मास्टरस्ट्रोक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** काफी दिनों से अनुमान लगाया जा रहा था कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) विधानसभा चुनाव से पहले संगठन में बड़े बदलाव कर सकती है। बीजेपी ने इसकी शुरुआत कर दी है। उसने राज्य के पांच जिलों में अपने नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इनके चयन को देखते हुए यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि बीजेपी आने वाले चुनाव में जातीय समीकरण को देखते हुए संतुलन कायम करने पर जोर दे रही है। संकेत यही हैं कि बीजेपी ने प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के 'पीडीए' फॉर्मूले का जवाब देने के लिए रणनीति बना ली है। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के पांच जिलों में पार्टी के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अवध क्षेत्र के अंबेडकर नगर में दिलीप देव पटेल, काशी क्षेत्र के वाराणसी में राम सकल पटेल, चंदौली में काशीनाथ सिंह, गोरखपुर में रमेश प्रसाद गुप्ता और देवरिया में काली प्रसाद को अध्यक्ष बनाया गया है।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को पार्टी के पांच नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की। यह पांच जिले वाराणसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, देवरिया और चंदौली हैं। बीजेपी ने इन पांचों जिलों में स्थानीय डेमोग्राफी और जातिगत समीकरणों का ध्यान रखा है। उसने दो जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को जिलाध्यक्ष बनाया है। बीजेपी ने जिन पांच जिलों में नए अध्यक्ष नियुक्त किए हैं उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गढ़ गोरखपुर भी शामिल है। वाराणसी में राम सकल पटेल की नियुक्ति की गई है। वे ओबीसी समुदाय से हैं और लंबे समय से बीजेपी संगठन में सक्रिय हैं। पटेल के बारे में माना जाता है कि वे आम लोगों के बीच अच्छा प्रभाव रखते हैं। अनुमानों के अनुसार, वाराणसी जिले की आबादी में करीब 75



प्रतिशत हिंदू, 20 प्रतिशत मुस्लिम और पांच प्रतिशत अन्य धार्मिक समुदाय के लोग शामिल हैं। इस जिले में सामान्य और ओबीसी जातियों का खास प्रभाव है। वाराणसी में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ जैसी सवर्ण जातियों और पिछड़े वर्ग की यादव, पटेल, मौर्या, राजभर, चौरसिया आदि जैसी जातियों की आबादी सबसे अधिक है। बीजेपी ने पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में ओबीसी के पार्टी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करके इस समुदाय को अपने समावेशी नजरिए का संदेश देने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक गढ़ गोरखपुर जिले में बीजेपी ने रमेश प्रसाद गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है। रमेश प्रसाद गुप्ता वैश्य समुदाय से हैं। गुप्ता की नियुक्ति में अनुभव और जमीनी पकड़ के साथ जातीय समीकरण का खास ध्यान रखा गया है। गोरखपुर में सवर्ण समुदाय का काफी प्रभाव है। इस जिले में ब्राह्मणों के अलावा क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ बड़ी संख्या में हैं। करीब 90.28 फीसदी हिंदू और 9.09 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले इस जिले में वैश्य समुदाय के अध्यक्ष की नियुक्ति आने वाले विधानसभा चुनाव के जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर की गई है। बीजेपी ने वाराणसी के अलावा दूसरे जिले अंबेडकरनगर में ओबीसी समुदाय के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है। यहां दिलीप पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप देव पटेल के बारे में बताया जाता है कि उनका पिछड़ी जातियों के लोगों में मजबूत प्रभाव है। इसके साथ उनका पार्टी संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है। उनकी नियुक्ति में जातीय गुणा-भाग का कितना ध्यान रखा गया है यह इस अनुमानित तथ्य से साफ हो जाता है कि इस जिले में पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की आबादी करबी 40 से 45 प्रतिशत है। इनमें यादव, कुर्मी, निषाद, राजभर और मौर्य आदि जातियों के लोग शामिल हैं। बीजेपी ने देवरिया जिले में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा है। पार्टी ने इस जिले में दलित वर्ग को पार्टी का प्रतिनिधित्व सौंपकर इस समुदाय को अपने समावेशी रुख का संदेश दिया है। काली प्रसाद भी पार्टी संगठन में लंबे समय से सक्रिय हैं। देवरिया जिले में अनुमान के मुताबिक अनुसूचित जनजाति (दलित) की आबादी करीब 15-16 प्रतिशत है। यहां सबसे ज्यादा करीब 40 से 45 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग की जनसंख्या है। बीजेपी ने काली प्रसाद की नियुक्ति सिर्फ जिले के नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर की है। बीजेपी ने क्षत्रिय (ठाकुर) समाज के काशीनाथ सिंह को चंदौली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से नियुक्त पांच जिलाध्यक्षों में वे मात्र एक ऐसे नेता हैं जिनको दोबारा यह पद सौंपा गया है। इसका कारण यह है कि सिंह लंबे अरसे से पार्टी संगठन में सक्रिय एक समर्पित नेता माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति के पीछे जिले का कोई जातीय गणित नहीं है, बल्कि क्षत्रिय समुदाय को प्रदेश में प्रतिनिधित्व का मुद्दा है। करीब 85 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले चंदौली जिले में बीजेपी को काशीनाथ सिंह की क्षमता पर भरोसा है। बीजेपी ने पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में स्थानीय समीकरणों के साथ-साथ राज्य के व्यापक जातीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश की है। राज्य में सबस बड़ी आबादी ओबीसी की है, जिसके दो अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा सवर्ण समुदाय से तीन अध्यक्ष बनाए गए हैं। सवर्ण समुदाय बीजेपी का कोर वोटर माना जाता है। इसके अलावा एक जिलाध्यक्ष दलित समुदाय से बनाए गए हैं। यूपी में दलित समुदाय की बड़ी आबादी है। यूपी में बीजेपी संगठन में अभी काफी बदलाव होने की संभावना है। बीजेपी खास तौर पर समाजवादी पार्टी की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति के जवाब में अपने रणनीतिक कदम उठा रही

# एसडीएम की कड़ी चेतावनी के बाद नाले की लीपापोती में जुटा ठेकेदार

**पंद्रह दिन पहले एसडीएम ने निरीक्षण कर गुणवत्ता खराब मिलने पर जताई थी नाराजगी, दोबारा निर्माण के दिए थे आदेश**



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर पालिका द्वारा भगतसिंह नगर में कराया जा रहा नाला निर्माण कार्य एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। एसडीएम के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद ठेकेदार द्वारा नाले के दोबारा निर्माण के बजाय केवल लीपापोती किए जाने का मामला सामने आया है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बनी हुई है ।नगर के भगतसिंह नगर में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा करीब 32 लाख रुपये की लागत से ईदगाह से कर्बला तक नाले का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों वार्ड सभासद कमरजहां ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि नाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया था कि ईदगाह की पुलिया से कर्बला तक बनने वाला नाला पिछले करीब तीन वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे क्षेत्रीय लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया था कि नाले के पानी की निकासी सही दिशा में नहीं की जा रही है, बल्कि उसे ईदगाह क्षेत्र के खाली भूखंडों और नई बस्ती की ओर मोड़ा जा रहा है। इससे आगामी बारिश के मौसम में इलाके में जलभराव का खतरा बढ़ सकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी एई नंदकिशोर और नगर पालिका के जेई अरुण कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान नाले की गुणवत्ता खराब मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई थी और संबंधित अधिकारियों को दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि एसडीएम के आदेशों को नजरअंदाज करते हुए ठेकेदार पुराने निर्माण पर ही लीपापोती करने में जुटा हुआ है। ऐसे में नाले की मजबूती और गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।


### क्या बोले एसडीएम साहब

उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल का कहना है कि नाले का निरीक्षण कर जिलाधिकारी महोदय को रिपोर्ट बनाकर भेज दी गई थी। आदेश प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेज आंधी-तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त,सैकडो पेड धराशाई, विधुत व्यवस्था ध्वस्त

**आवागमन बाधित,मंडी में पडा किसानो का माल भींगा**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** गुरुवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ।सबसे ज्यादा असर तीतरा खलीलपुर-कोंच मार्ग पर देखने को मिला, जहां बड़े बडे पेड़ सड़क पर गिरने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। देर रात तक राहगीर और वाहन चालक रास्ता खुलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द रास्ता साफ कराने की मांग की है ।आंधी-तूफान का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में बिजली लाइनें भी प्रभावित हो गईं, जिससे ग्रामीण सहित नगर क्षेत्रों में घंटों अंधेरा छाया रहा। बिजली गुल होने से लोगों को गर्मी और पेयजल जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा ।वहीं बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गल्ला मंडी में खुले में रखा किसानों का अनाज और अन्य कृषि उत्पाद बारिश में भीग गए। किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। इसके साथ ही खेतों में तैयार खड़ी मूँग की फसल पर भी मौसम की मार का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहा तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है ।ग्रामीण क्षेत्रों में लोग मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं वन विभाग द्वारा रास्ते में गिरे पेड़ों को हटाकर रास्ता चालू कराने का भरसक प्रयास किया जा रहा है ।वही एसडीओ विद्युत धर्मेंद्र सिंह व जेई अमन पांडेय, अमन खान अपनी पूरी टीम के साथ बिजली व्यवस्था बहाल करने के प्रयास मे लगे हैं।

# बगैर सीसी सड़क निर्माण के निकाला भुगतान

**ग्रामीणो ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरी में फर्जी सीसी सड़क निर्माण भुगतान को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है। मामले में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र पंचायत द्वारा कागजों में सीसी निर्माण कार्य दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान निकाल लिया जबकि मौके पर कोई निर्माण कार्य ही नहीं कराया गया ।ग्रामीण दीपेश कुमार पुत्र नरेन्द्र पाल उर्फ राहुल निवासी ग्राम खैरी तथा बीडीसी प्रदीप कुमार पुत्र परमलाल निवासी ग्राम कैथी ने संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2022-23 में क्षेत्र पंचायत द्वारा 'बिरंचीलाल के मकान से खैरापति मंदिर तक सीसी निर्माण' कार्य कराया जाना अभिलेखों में दर्ज किया गया है। इस कार्य का वर्क आईडी संख्या 3138006/RC/958486255823335301 बताई गई है ।शिकायतकर्ताओ द्वारा आरोप लगाया गया है कि उक्त कार्य के नाम पर कुल 5 लाख 61 हजार 289 रुपये का भुगतान निकाला गया, लेकिन वास्तविकता में मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है तथा फर्जी तरीके से भुगतान कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की टीएससी जांच चीफ टीएससी स्तर से कराई जाए, ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो सके और यदि अनियमितता पाई जाए तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होंगे और गांव के विकास कार्य प्रभावित होते रहेंगे ।मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षो में मारपीट

**-घायल युवक ने पुलिस से की शिकायत**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सामी में गुरुवार दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।पीड़ित ने शुक्रवार को कैलिया पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सामी निवासी आशीष कुमार पुत्र रविभूषण द्विवेदी ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 29 मई को वह अपने घर के दरवाजे पर मौजूद था। उसी दौरान गांव के संगम पुत्र कोमल सिंह चौहान अपने एक अन्य साथी के साथ आया। आरोप है कि दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया ।पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर उसका रिश्तेदार अभिषेक तिवारी निवासी उरई उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। हमले में आशीष कुमार के हाथ में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई ।पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग और झगड़ालू किस्म के हैं आए दिन विवाद करते रहते हैं। घटना के बाद घायल युवक ने कैलिया थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# तहसील परिसर में लगे नीम के पेड में लगी आग से मची अफरा तफरी

**-मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कडी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील परिसर में गुरुवार शाम उस समय अफरा तफरी मच गयी जव लेखपाल कक्ष के पीछे खड़े पुराने नीम के हरे पेड़ में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा पेड़ आग की लपटों में घिर गया। घटना के दौरान परिसर में मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नीम के पेड़ के नीचे काफी समय से कूड़े का ढेर जमा था। गुरुवार शाम अचानक उसी कूड़े में आग लग गई। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य आग समझा, लेकिन कुछ ही देर में आग पेड़ तक पहुंच गई और नीम के सूखे हिस्सों ने तेजी से आग पकड़ ली। इसके बाद पेड़ से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही तहसील परिसर में मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही हो सका ।स्थानीय लोगों ने पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। बाद में सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग की वजह से पेड़ को भारी नुकसान पहुंचा है ।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आसपास के कार्यालयों और रिकॉर्ड कक्ष तक भी पहुंच सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय नागरिकों ने तहसील परिसर में फैले कूड़े की नियमित सफाई कराने और अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## हादसे के आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । लगभग 25 दिन पूर्व मां को बाइक पर बैठाकर रिश्तेदारी में जा रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां बेटे घायल हो गए। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। पीड़ित बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

रामपुरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मजीठ निवासी प्रशांत कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां मुन्नी के साथ अपने गांव से रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब वह सहाव मोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों घायल हो गए। पहले उन्हें सीएचसी ले जाया गया और फिर उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धर्मांतरण मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )




**कुठौंद जालौन,** जालौन जनपद के थाना कुठौंद क्षेत्र में धर्मांतरण से जुड़े मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, 27 मई 2026 को प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा संख्या 73/2026 धारा 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 व धारा 61/318 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोप है कि प्रार्थना सभा के माध्यम से हिंदू महिला व पुरुषों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था। जांच के दौरान विवेक कुमार निवासी सिरसाकलार, जनपद जालौन का नाम सामने आया। थाना कुठौंद पुलिस ने आरोपी को जालौन-औरैया मार्ग स्थित नाहिली बावली के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना हदरूख चौकी प्रभारी मुकेश कुमार गौतम द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि धर्मांतरण जैसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जमीन विवाद में दो भाइयों की मौत के बाद बेसहारा परिवार की मदद को आगे आई पुलिस

( यंग भारत न्यूज )



**रामपुरा ( जालौन )।** थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुरा जागीर में जमीन विवाद के चलते हुई दर्दनाक घटना के बाद पुलिस ने मानवीय पहल दिखाते हुए पीड़ित परिवार की सहायता की।

दिनांक 20 अप्रैल 2026 को गांव मिर्जापुरा जागीर में जमीन को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतकों के पिता एवं एक अन्य भाई को हत्या के आरोप में जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद परिवार की महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं, जिनके सामने जीविकोपार्जन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने मय पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बच्चों और महिलाओं के लिए राहत सामग्री एवं राशन वितरि

# नगर में 18 पोल व ग्रामीण क्षेत्र में लगभग एक सैकड़ा पोल और पेड़ों के गिरने से तार क्षतिग्रस्त

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** गुरुवार की रात आई आंधी के कारण बिजली विभाग को नुकसान हुआ। आंधी आने के कारण नगर में 18 पोल टूट गये हैं और ग्रामीण क्षेत्र में लगभग एक सैकड़ा पोल और पेड़ों के गिरने से तार क्षतिग्रस्त हुए हैं। पोल व तार टूटने के कारण नगर समेत 35 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हैं। नगर की आपूर्ति 19 घंटे में बहाल हो गयी जबकि ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति को बहाल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। लगातार तापमान बढ़ने के कारण गर्मी से जनता कराह रही थी। गुरुवार की रात करीब 11 बजे अचानक तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश होने लगी। आंधी व पानी आने के बाद तापमान में गिरावट आने के कारण लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। आंधी आने के नगर व ग्रामीण की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे से नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। आंधी आने के कारण जगह जगह पेड़ उखड़ गये तथा टूट गए जिससे बिजली के पोल व तार क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी आने से सैकड़ों पेड़ों के गिरने से बिजली के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी आने व पेड़ गिरने के कारण नगर क्षेत्र में 18 पोल टूट गए। आंधी आने के कारण क्षतिग्रस्त हुए बिजली के पोल व तार के कारण नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति गुरुवार की रात साढ़े 11 बजे से शुक्रवार की शाम छह बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली आपूर्ति ठप होने से जलापूर्ति भी ठप हो गई। इसके बाद भी आना जाना लगा रहा है। आंधी के कुसमरा, हरकौती, कामांक्षा व विश्व बैंक फीडर के 35 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई थी। समाचार लिखे जाने तक लगभग गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पायी थी। अवर अभियंता नवीन कुमार कंजोलिया ने बताया कि पेड़ गिरने के कारण तार क्षतिग्रस्त हो गये हैं। युद्धस्तर पर कर्मचारी काम करके बिजली आपूर्ति बहाल कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर व्यापारियों में रोष

**सदर विधायक ने कहा, अभियान अब नहीं चलेगा**

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर व्यापारियों के रोष को देखते हुए सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व्यारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चलेगा और व्यापारियों से जुर्माना भी नहीं वसूला जाएगा।

नगर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम द्वारा लगातार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। नालियों के ऊपर से कच्चे पक्के सभी अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। यदि कोई अतिक्रमण नहीं हटाता है तो उससे जुर्माना भी वसूला जा रहा है। बाजार में चलाए जा रहे इस अभियान से व्यापारियों में रोष है। इसी को लेकर शुक्रवार की दोपहर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व्यापारियों के बीच पहुंचे। नगर के ज्वालागंज स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पर व्यापारियों और सदर विधायक के बीच वार्ता हुई। जिसमें व्यापारियों ने अतिक्रमण और जुर्माने को लेकर अपनी बात रखी। जिस पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की कार्यशैली को जनविरोधी बताते हुए कहा कि गुरूवार को इस समस्या को लेकर वह डीएम से मिले थे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के सामने वार्ता भी हुई। उन्होंने बताया कि अब नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चलाया जा रहा है। बारिश के पूर्व नालियों की सफाई की जाएगी। जिसमें सहयोग कीजिए। नगर में नगर पालिका की टीम द्वारा जो जुर्माना वसूला जा रहा है, वह भी बंद करा दिया गया है। अब व्यापारियों पर कोई जुर्माना नहीं थोपा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सोमवार को बाजारबंदी के दिन मेडिकल स्टोर, चाय-नाश्ते की दुकानें, ढाबा, दूध आदि जरूरत के सामान की दुकानें खुली रहेंगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अन्य व्यापारी बंदी का सहयोग करते हुए अपनी दुकानें बंद रखें। सदर विधायक के इस आश्वासन को व्यापारियों ने स्वागत किया और उन्होंने राहत की सांस ली है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, व्यापार मडल अध्यक्ष श्याजी गुप्ता, रामजी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अनुराग बहरे, विष्णु अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, रामू गुप्ता आदि रहे।

# भीषण आंधी-तूफान के बीच पूरी रात सड़कों पर मोर्चा संभाले रहे डीएम-एसपी, राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली

## आपदा की घड़ी में प्रशासन बना सहारा, प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

### -दो मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता, घायलों के उपचार एवं क्षति आंकलन के निर्देश





( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में 28 मई की रात्रि आए भीषण आंधी-तूफान, तेज वर्षा एवं बिजली कड़कने की घटना के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन ने आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं, बेड, बिजली बैकअप एवं मानव संसाधन उपलब्ध रहें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दैनिक क्षति सूचना के अनुसार भीषण आंधी-तूफान की घटना में जनपद में दो लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। शासन की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 23 पशुओं की क्षति, 7 व्यक्तियों के घायल होने तथा 45 मकानों के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। कुल 12.88 लाख से अधिक की राहत सहायता प्रभावित परिवारों को प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित की गई है। जिलाधिकारी ने राजस्व, स्वास्थ्य, विद्युत, पुलिस एवं नगर निकाय विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा राहत कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप आपदा प्रभावित प्रत्येक नागरिक तक समयबद्ध सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर विद्युत पोल एवं लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनका सर्वे एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से प्राप्त मौसम चेतावनियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार, मुनादी एवं जनजागरूकता के कारण संभावित क्षति को काफी हद तक कम किया जा सका है।प्रशासन की सतत निगरानी, त्वरित कार्रवाई एवं पूरी रात फील्ड में मौजूद रहकर किए गए प्रयासों के चलते जनपद में स्थिति नियंत्रण में है तथा राहत एवं पुनर्वास कार्य निरंतर जारी हैं।

# वृद्धा आश्रम पहुंच कर राष्ट्रीय लोकदल नेताओं ने मनाई चौधरी चरणसिंह की जयंती

## वृद्धजनों को उपहार भेंट कर लिया उनका आशीर्वाद




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल के जनपद जालौन उरई में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंच करके राष्ट्रीय लोक दल के पदाधिकारीयों ने चौधरी साहब के चित्र पर मालिया अर्पण कर श्रद्धांजलि दी एबम विचार गोष्टी पर आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लियाकत अली क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बुंदेलखंड विपिन शिवहरे ध्रुव गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष जनपद जालौन विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ महिला युवा श्रम प्रकोष्ठ एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अयूब मंसूरी प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश अध्यक्षता विकास कुशवाहा ने की राष्ट्रीय लोकदल के जनपद जालौन के प्रकोष्ठों के अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उस्मान मंसूरी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अनीता पांडे युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष अनुज पाल एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रणजीत नगर मुस्तफा मुरादाबादी क्षेत्रीय सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नौशाद खान बुंदेलखंड उपाध्यक्ष जावेद राइन नगर अध्यक्ष कोच शैलेंद्र सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ उस्मान आदि लोग उपस्थित रहे अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहां की चौधरी चरण सिंह हमेशा किसानों के लिए चिंतित रहते थे आप आप मानते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलियानों से होकर के गुजरता है

# कदौरा में आंधी-तूफान का कहर, मकानों की दीवारें गिरीं, पेड़ उखड़े, बिजली व्यवस्था ठप

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के कदौरा नगर एवं थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के चलते नगर और ग्रामीण इलाकों में कई मकानों, दुकानों तथा विद्युत व्यवस्था को नुकसान पहुंचा। कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर गिर पड़े, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। नगर के मोहल्ला हवेली में मुस्तकीम उर्फ शेरू एवं उनके चाचा के मकान पर पड़ोसी की दीवार गिर गई, जिससे मकान की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम पंडोरा में तेज आंधी के दौरान पेड़ गिरने से एक भैंस की पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पशुपालक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।उदनपुर हाईवे पर भी कई पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क किनारे गिर गए, जिससे कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। तेज हवाओं के कारण कई दुकानों के टीनशेड उड़ गए और अन्य मकानों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। आंधी-तूफान का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। कई स्थानों पर बिजली के खंभों और तारों पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग की टीमें क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई हैं।

# जिले में तेज आंधी-तूफान का कहर, दो की मौत, आधा दर्जन से अधिक घायल





( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** गुरुवार रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने पूरे जनपद में भारी तबाही मचा दी। अचानक बदले मौसम और 80 से 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया गया है। तूफान के चलते जिले के कई इलाकों में पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े, बिजली के खंभे टूट गए और कई स्थानों पर टीनशेड उड़कर दूर जा गिरे। कई मकानों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे लोगों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीण संपर्क मार्गों सहित मुख्य सड़कों पर यातायात भी बुरी तरह प्रभावित रहा। जगह-जगह पेड़ गिरने से घंटों तक वाहन फंसे रहे और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उरई-राठ मार्ग पर हाईटेंशन लाइन का एक विशाल बिजली खंभा अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। खंभे के साथ बिजली के तार भी सड़क पर फैल गए, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवा के बीच जोरदार आवाज के साथ खंभा गिरा, जिससे आसपास मौजूद लोग घबरा गए। गनीमत रही कि उस समय कोई वाहन उसकी चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई और मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई। जेसीबी की मदद से गिरे हुए पेड़ों और खंभों को हटाने का कार्य शुरू कराया गया। वहीं बिजली विभाग की टीम क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी रही।

# 31 को अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई जायेगी-अनोज पाल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिलाध्यक्ष अनोज पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई को अहिल्याबाई होलकर की जयंती वृहद स्तर पर मनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर कोंच रोड़ स्थित मोदी ग्राउंड से चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों से विशाल रैली निकाली जायेगी जो कोंच बस स्टैंड, इलाहाबाद बैंक चौराहा, माहिल तालाब, घंटाघर, शहीद भगतसिंह चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, जिला परिषद होते हुए जालौन कोंच रोड स्थित श्री हरि गार्डन पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो जायेगी। उन्होंने समाज के लोगों एवं संगठन के लोगों के अलावा आम जनता से अपील की है उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाये।

# चौ. चरणसिंह की जयंती पर आरएलडी द्वारा आयोजित कार्यक्रम इस बार बेहद सीमित दायरे में सिमटता नजर आया

**- पार्टी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव द्वारा आयोजित जयंती कार्यक्रम में मात्र चंद लोग ही मौजूद रहे**

**- जिससे संगठन की सक्रियता पर सवाल खड़े होने लगे**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी। कार्यक्रम में गिने-चुने कार्यकर्ताओं की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जिले में संगठन की निष्क्रियता और कार्यकर्ताओं से दूरी इसका मुख्य कारण मानी जा रही है।

सूत्रों के अनुसार लंबे समय से पार्टी के कई कार्यकर्ता संगठनात्मक गतिविधियों में रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं कुछ कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिलाध्यक्ष स्तर पर सक्रियता की कमी के चलते नए लोग पार्टी से नहीं जुड़ पा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान चौधरी चरणसिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को याद किया गया। हालांकि पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बताते हुए संगठन को मजबूत करने का दावा किया, लेकिन कम उपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जिले में भीषण आंधी-तूफान का कहर, पेड़ उखड़े, बिजली व्यवस्था ठप

### -शहर की विधुत व्यवस्था संभालने में लगे हैं 240 लोग वहीं ग्रामीण क्षेत्र में 250 लोग कर रहे हैं ड्यूटी

### -जगह जगह पेड़ गिरने से वन विभाग नही कर रहा विधुत विभाग का सहयोग, डीएम ने वन विभाग की अड़ंगे बाजी जानकर डीएफओ को लगाई कड़ी फटकार

( यंग भारत न्यूज )





**उरई।** जनपद में गुरुवार देर रात आए भीषण आंधी-तूफान और तेज बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। लगभग 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। उरई, कोंच और जालौन तहसील क्षेत्रों में जगह-जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया, जबकि कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त होने से रातभर बिजली आपूर्ति ठप रही।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंडोरा में तेज आंधी के दौरान एक पेड़ गिरने से भैंस की पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं उदनपुर हाईवे पर कई बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क किनारे गिर गए, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। तेज हवाओं के कारण कई दुकानों के टीन शेड उड़ गए और कई घरों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। प्रशासन और बिजली विभाग की टीमें देर रात से ही व्यवस्था बहाल करने में जुटी रहीं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ घंटों तक हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है। अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले में हुए इस प्राकृतिक बदलाव ने एक बार फिर मौसम की अनिश्चितता को उजागर कर दिया।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## 07 परीक्षा केंद्रों पर 3068 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, नकलविहीन एवं पारदर्शी आयोजन के लिए व्यापक इंतजाम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 07 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें गांधी महाविद्यालय उरई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई, दयानंद वैदिक महाविद्यालय उरई, सनातन धर्म इंटर कॉलेज उरई, सर्वोदय इंटर कॉलेज उरई, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई एवं राजकीय इंटर कॉलेज उरई शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 3068 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समन्वय स्थापित कर संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी निगरानी, सीलबंद पैकेटों की सुरक्षा एवं गोपनीय सामग्री के परिवहन की व्यवस्था को पूरी तरह सुरक्षित एवं मानक अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी निरीक्षक, कर्मचारी अथवा सपोर्ट स्टाफ द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी सहित संबंधित अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आंधी-तूफान से रेल संचालन प्रभावित, आटा स्टेशन पर सात घंटे खड़ी रही अमृत भारत एक्सप्रेस

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले में गुरुवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान का असर झांसी-कानपुर रेलखंड पर भी देखने को मिला। खराब मौसम और रेल मार्ग प्रभावित होने के कारण गोरखपुर से पुणे जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस जालौन के आटा रेलवे स्टेशन पर करीब सात घंटे तक खड़ी रही। ट्रेन के लंबे समय तक रुकने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार ट्रेन रात करीब एक बजे आटा रेलवे स्टेशन पहुंची थी, लेकिन खराब मौसम और रेल संचालन बाधित होने के चलते उसे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके बाद ट्रेन शुक्रवार सुबह लगभग 7:38 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। ट्रेन में फंसे यात्रियों ने बताया कि रातभर इंतजार के दौरान ट्रेन में पानी खत्म हो गया, जिससे पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। सुबह तक शौचालयों में भी पानी समाप्त हो जाने से यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ गईं। कई यात्री स्टेशन परिसर और आसपास खुले स्थानों की ओर जाते नजर आए। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को उठानी पड़ी। कुछ यात्री प्लेटफॉर्म पर बैठकर रात बिताते दिखाई दिए, जबकि कई लोग स्टेशन की बेंचों पर लेटकर सुबह होने का इंतजार करते रहे। वहीं, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में जाने वाले कई यात्रियों ने ट्रेन के लंबे इंतजार से परेशान होकर बसों और अन्य साधनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना होना उचित समझा। यात्रियों का आरोप था कि रेलवे प्रशासन की ओर से ट्रेन संचालन को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी, जिससे उनमें बेचैनी और नाराजगी बनी रही। सुबह ट्रेन के रवाना होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। खराब मौसम के चलते अन्य ट्रेनों के संचालन पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# उरईः सजदे में झुके सिर, मुल्क की तरक्की और बेहतरी के लिए मांगी दुआ

## बोले शाही इमाम : इज्जत के लिए नहीं, इबादत के लिए कराएं कुर्बानी





( यंग भारत न्यूज )

**उरई :** अल्लाह को हजरत इब्राहिम का जज्बा बेहद पसंद आया और उसने उनकी कुर्बानी को कुबूल किया। इसी तरह कुर्बानी में दिखावा नहीं करना चाहिए। बल्कि अपने दिल के करीब रहने वाली चीज को दूसरों की बेहतरी के लिए अल्लाह की राह में कुर्बान करना चाहिए। क्योंकि जो अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी देना, उसे यकीनन अल्लाह की रजा हासिल होगी। यह बात इदुल अजहा (बकरीद) की नमाज के दौरान शहर की करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी ने कही। कहा कि कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं बल्कि इबादत समझकर करानी चाहिए। इसमें दिखाबा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। क्योंकि अल्लाह हर किसी के दिलों का हाल जानता है, और समझता है। कुर्बानी के पीछे बंदे की नियत क्या है। शाही इमाम ने कहा कि हैसियत होते हुए भी कुर्बानी न कराना गुनाहगार बनाता है। लेकिन अगर कोई कर्जदार है, तो उसके लिए कुर्बानी का हुक्म नहीं है। उन्होंने कुर्बानी से जुड़ी और भी तमाम बातों को बखूबी समझाया। इसके बाद शाही इमाम ने इदुल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और बेहतरी की दुआ की गई। काजी-ए-शहर शकील बेग रहमानी ने बताया कि इदुल अजहा (बकरीद) पर की करसान स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमान हाफिज फिरोज अली रहमानी, बड़ी मस्जिद में कारी हसन, क्लब की मस्जिद में सदर इमाम जमील कादरी, नबी की मस्जिद में शहर इमाम हाफिज मंजूर बरकाती, कुरैशियान मस्जिद में हाफिज आमिर, बघौरा बाली मस्जिद में हाफिज अजीज कादरी, नीलबरी मस्जिद में हाफिज फजले अजीम, स्टेशन वाली मस्जिद में धर्मगुरु हाफिज अब्दुल जब्बार, लहरिया पुरवा मस्जिद में हाफिज गुलाब हुसैन, नूरानी मस्जिद में कारी मुस्तकीम, दादुपुरा जामा मस्जिद में हाफिज यूसुफ कादरी, जयसवाल टावर के पीछे सुन्नी हनफी फैजान मुस्तफा मस्जिद में हाफिज अब्दुल रशीद ने नमाज अदा कराई। वही दूसरी और देववंद - अकायत में रामनगर स्थित ईदगाह में मो. मिया नदवी, बजरिया रोड स्थित जामा मस्जिद में मुफ्ती मु. तल्हा, तिलक नगर स्थित पीरो वाली मस्जिद में मौलाना अब्दुल खालिक, मदरसा अबूबकर सिद्दीक में मौलाना जैद। इसके अलावा शिया समुदाय की बल्लभनगर स्थित मस्जिद में मौलाना अकबर अली ने इदुल अजहा की नमाज अदा कराकर मुल्क में अमन चौन कायम रहने की दुआएं की। इदुल अजहा (बकरीद) पर शहर में सपा, बसपा और कांग्रेस के राजनैतिकदलों के लोगो ने ईदगाह के बाहर कैंप लगाकर नमाजियों को गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि बिजय चौधरी ने कहा कि हमेशा से हमारे त्योहारों पर मुस्लिम समुदायो के लोगो ने पहुंचकर बधाई दी है। इसलिए हमेशा कि परम्परा को जारी रखते हुए मुस्लिम समुदायो के लोगो को ईदगाहो पर पहुंचकर गले मिलकर बधाई देने का काम कर रहे है। सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर अपने दर्जनों पदाधिकारियो के साथ मिलकर ईदगाह पर कैंप लगाकर मुस्लिम समुदायो के लोगो को इदुल अजहा (बकरीद) की बधाई देते हुये कहा कि हमारे जिले में हमेशा गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम रही है। इसी गंगा जमुना तहजीब का आज सपा के लोगो ने आगे बढ़ाने का काम किया, और दर्जनों सपाइयो ने मुस्लिम समुदाय के लोगो से गले मिलकर बधाई दी है। इस मौके दर्जनों बसपा, सपा एवं काग्रेसी मौजूद रहे।

### गले लगकर खरीदे खिलौने

ईदगाह में नमाज अदा करने को बच्चे भी अच्छी संख्या में नजर आए। अकीदत के साथ नमाज पूरी करके एक दूसरे से गले लगे और फिर सजी दुकानों पर अपनी ख्वाहिशें पूरी करनी शुरू कर दी। प्रेमनगर के फैजू ने डोरीमन खरीदा तो रामकुण्ड के साहिल ने बंदूक पंसद की।

### तीन हिस्सा में एक गरीबों को निकाला

ईद उल अजहा पर तीन दिन तक कुर्बानी का सिलसिला चलता है। गुरुवार को पहले दिन बकरीद की नमाज के बाद कुर्बानी दी गई। इस कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा गया। एक हिस्सा खुद के लिए निकाला गया। दूसरा हिस्सा रिश्तेदार का जबकि तीसरा हिस्सा गरीब्र के लिए अलग किया गया।

### सतर्क रहा प्रशासन, ड्रोन कैमरे की रही नजर

उरई । शहर में इदुल अजहा (बकरीद) को लेकर किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दिया। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी विनय कुमार ने सुबह ही जिले की रामनगर एवं करसान रोड पहुंचकर ईदगाहो व जिले की प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा सीओ सदर, सदर कोतवाल ने संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की। इसके अलावा खुफिया पुलिस भी ड्रोन व बाडी कैमरों से जिले भर मे नजर बनाये रही। साथ ही खुफिया पुलिस के अधिकारी पल पल की जानकारी अपने अपने आला अधिकारियो को दूरभाष के मध्यम से देते नजर आए।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि

## -पुलिस अधीक्षक ने संगठन के पत्रकारों की हर सम्भव मदद की ली जिम्मेदारी-डा0 एल बी सिंह



( यंग भारत न्यूज )

**उरई( जालौन )।** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्यतिथि को आज प्रदेश व देश मे ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया गया । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष माननीय महेन्द्र नाथ जी के निर्देशन में आज जनपद जालौन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की 39 वीं जयंती जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राजावत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई गई ।

जहाँ पत्रकारों ने संस्थापक श्री बाबू बालेश्वर लाल जी को फूल मालाएं पहनकर उनको शत शत नमन किया वहीं जिलाध्यक्ष ने संस्थापक जी को याद करते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए संगठन के रूप में उनके द्वारा खड़े किए गए वट व्रक्ष की छाया आज भी हम पत्रकारों को मिल रही है जिसके लिए हम सभी पत्रकार जीवन पर्यन्त उनके आभारी रहेंगे । और उनके पदचिन्हों पर चलकर उनकी नीतियों को आगे बढ़ाएंगे स्वर्गीय श्री बाबूबालेश्वर लाल जी ने हमेशा ग्रामीण पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मानऔर सुविधाओं को लेकर लड़ाई लड़ी आज उनकी इन नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राजावत ने संगठन के लगभग एक सैकड़ा पत्रकारों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और संगठन के संस्थापक की पुण्यतिथि व उनकी नीतिओ के बारे में जानकारी देते हुए संगठन के पत्रकारों की सुरक्षा , सम्मान और सुविधाओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जहां पुलिस अधीक्षक ने स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी को शत शत नमन किया और कहा पुलिस प्रशासन उनकी नीतियों का सम्मान करता है । और आपके संगठन के हर सदस्य के साथ हर सम्भव मदद के लिए पुलिस प्रशासन खड़ा रहेगा। और कहा कि आपका संगठन राष्ट्रीय है इसलिए आपके साथ पुलिस प्रशासन प्रदेश से लेकर जनपद तक साथ खड़ा रहता है । कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राजावत, तहसील अध्यक्ष डॉ एलबी सिंह , तहसील अध्यक्ष भीम रजवत , तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र कश्यप, तहसील अध्यक्ष इरफान खान, तहसील अध्यक्ष शिवम गुप्ता, हुसैन अली, राकेश कुमार, स्नेहलता, स्वेता , घनश्याम, सर्वेश , जावेद, जहर सिंह , रानू जी, रविन्द्र गौतम, हर्षित वर्मा,शिवम कुमार, आशीष कुमार, ओसिस कुमार, आकाश कुमार, इलियास, प्रदीप कुमार ,लालजी,शुन्दर लाल पटेल, राजेश जाटव,मयंक, जितेन्द्र सेंगर, पवन सिंह , ब्रजेश कुमार, राजेन्द्र सेंगर, राजकुमार, दीपराज, स्वेता,नील रतन, प्रदीप कुमार, मिथलेश, नारयणदास निरंजन, शानू खान आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# पत्रकारों की समस्याओं के समाधान को लेकर माधौगढ़ तहसील परिसर में बैठक संपन्न

( यंग भारत न्यूज )





**माधौगढ़, जालौन।** जनपद जालौन में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं पत्रकारों की एकजुटता को मजबूत करने के उद्देश्य से तहसील परिसर माधौगढ़ में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने भाग लेकर समाचार संकलन एवं कवरेज के दौरान आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी ने की। इस दौरान पत्रकारों ने कहा कि समाचार कवरेज के समय कई बार प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता, जिससे पत्रकारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपस्थित पत्रकारों ने निष्पक्ष पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में पत्रकारों की एकता बनाए रखने, आपसी समन्वय को मजबूत करने तथा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं, इसलिए पत्रकारों की समस्याओं का समय रहते समाधान होना आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा, सुरेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश सविता, डॉ. विनोद कुमार कुशवाहा, महेंद्र गौतम माधौगढ़, पुष्पेंद्र सिंह बंगरा, अजीत उपाध्याय, दीपक उदैनिया, हरेंद्र सिंह राजावत माधौगढ़, संतोष याज्ञिक माधौगढ़, योगेंद्र प्रजापति कुरसेंड़ा, सुमित तिवारी अमखेड़ा, अंकित दीक्षित रामपुरा, सत्येंद्र कुमार जालौन, देवेंद्र सिंह माधौगढ़, विपिन झा नावली, रॉकी पांडे रेंढ़र तथा दीपक दुबे जुगराजपुरा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। बैठक के अंत में पत्रकार हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# बीती रात अचानक आंधी पानी आने से 30 गाँवो की बिजली गुल

## जन जीवन अस्त व्यस्त, मूंग की फसल काफी हद तक हुई है नष्ट

( यंग भारत न्यूज )



**कोटरा जालौन।** कल रात आधी रात के बाद आयी आंधी पानी से बिजली गुल हो जाने से लगभग 30 गांव में अंधेरा छा गया वही दर्जनों पेड़ धराशाई हो गए है आंधी पानी से किसानों की मूंग की फसल को भारी नुकसान हुआ है

कल रात मौसम ने अचानक करवट बदली थोड़ी देर में तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश होने लगी इससे देर रात से बिजली गुल हो गई है अपितु तीस से अधिक गांव कोटरा सिकरी, बरसार, खदानी,पुर, बिनौरा,करथरा,सैदनगर,कुरकुरू, पचोखरा, नुनसाई, सहित 30 से अधिक गांव में अंधेरा छा गया है आंधी बारिश के चलते कोटरा एट उरई सड़क पर दर्जनों पेड़ गिर गए इससे घंटो रास्ता अवरूद्ध बना रहा। आंधी पानी से किसानों की मूंग की फसल बर्बाद हो गई है बिजली विभाग के लाइनमैन मनोज ने बताया कि बिजली के तार कई जगह टूट गए हैं टूटे बिजली के तार बिजली कर्मचारी ठीक कर रहे हैं कल शाम तक बिजली आने की संभावना है। बिजली गुल हो जाने से लोगों के बिजली के उपकरण बंद पड़े हुए वहीं कोटरा के पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है।

# 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा की रप्तार से आई भीषण आंधी ने मचाई तबाई कई स्थानों पर हुआ भारी नुकसान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** मध्य रात में आई भीषण आंधी की चपेट में आकर कालपी तथा आसपास के कई स्थानों में नुकसान पहुंचा है। व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने के लिए एसडीएम सीओ समेत उच्च अधिकारी रात में भ्रमण करते रहे।

विदित हो कि बदलते मौसम के दौरान उसरगांव हाईवे में उकासा मोड संकट मोचन आदि स्थानों में पेड़ की डालियां टूट कर सड़क में गिर गई वहीं नगर के खोवा मंडी में टीन शेड टूट कर सड़क में जा गिरा। रात में भ्रमणशील एसडीएम अमित शेखर तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यवाही संस्था की क्रेन के माध्यम से डालियों तथा टीन शेड को हटाकर रास्ता आवागमन के लिए साफ कराया। तेज आंधी की चपेट में आकर कालपी नगर के मोहल्ला राम चबूतरा के एक घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा कथित रूप से आकाशीय बिजली का प्रभाव भी पड़ा। स्थानीय प्रशासन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा रहा।

# भव्य हिंदी पत्रकारिता दिवस का आयोजन आज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर में स्थित राजा पैलेस बिजली घर रोड कालपी में आज हिंदी पत्रकारिता दिवस पर डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील एवं नगर कार्यकारिणी के द्वारा आयोजन किया जाएगा।

आयोजन में शहर के प्रतिष्ठित लोग जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीम, सीओ, कोतवाल व पुलिस विभाग, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका अध्यक्ष व सभासद, शिक्षाविदों, वकीलों, तथा सम्मानित पत्रकार बंधु सम्मिलित होंगे। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सभी प्रतिष्ठित लोग व अधिकारी तथा पत्रकार बंधु अपने-अपने विचार रखेंगे। पत्रकारिता दिवस का आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, नगर अध्यक्ष राज नारायण शुक्ला, भूपेंद्र विश्वकर्मा नगर मंत्री ,महामंत्री अमित यादव, राजाबाबू ओमरे, देव पटेल, अमीर हसन अंसारी, विकाश सिंह, शोभित पांडे, अजीम उल्ला, मुस्ताक अंसारी, फहीम खान, अरविंद राठौर, रविंद्र सिंह, पंकज ठाकुर, अंकित गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, संतोष राठौर, रहमत, श्यामू पाल, अशोक पुरवार (कक्का)आदि ने बुद्धिजीवियों से अपील की है कि कार्यक्रम में सहभागिता करें।

# टीजीटी परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

- 03 व 04 जून को 07 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, चार पालियों में 9252 अभ्यर्थी होंगे शामिल
- नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात, मोबाइल पर पूर्ण प्रतिबंध

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा-2026 की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि टीजीटी लिखित परीक्षा का आयोजन 03 एवं 04 जून 2026 को दो-दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रात: 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में परीक्षा हेतु कुल 07 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, दयानंद वैदिक महाविद्यालय, श्री गांधी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज उरई शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 03 जून को प्रथम पाली में 2692 एवं द्वितीय पाली में 2127 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि 04 जून को प्रथम पाली में 2263 एवं द्वितीय पाली में 2170 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस प्रकार कुल 9252 अभ्यर्थी चार पालियों में परीक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए 07 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 07 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी निरीक्षक, कर्मचारी अथवा सपोर्ट स्टाफ द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप परीक्षा की पवित्रता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज आंधी की चपेट में आकर हाई टेंशन लाइन हुई क्षतिग्रस्त, तार टूट पेड़ गिरे और व्यवस्था हो गई अस्त व्यस्त

( यंग भारत न्यूज )

कालपी-उरई। तूफानी हवाओं तथा बारिश के कारण विद्युत विभाग की हाई टेंशन लाइनों के खराब होने से कई सब सबस्टेशनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों कि विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विद्युत परेसड़ केंद्रों से कालपी, उसरगांव, भदरेखी के विद्युत सब स्टेशनों की 33 हजार वोल्टेज की विद्युत हाइटेंशन लाइन से सप्लाई होती है। 27/28 मई की रात में महेवा, नियामतपुर, तथा भदरेखी क्षेत्र की 33 हजार वोल्टेज की हाई टेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। फलस्वरूप तीन दर्जन से अधिक ग्रामों की आपूर्ति ठप्प हो गई। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचिन ने बताया कि अवर अभियंताओं सत्य प्रकाश गौतम नवीन सचान की देखरेख में हाई टेंशन लाइन को सुधारने का काम किया गया है। शुक्रवार शाम तक हाई टेंशन लाइन ठीक हो गई है। 11 हजार वोल्टेज की लाइन का काम करने के लिए पेट्रोलिंग की जा रही है। जल्द ही लाइन को ठीक करा दिया जाएगा।

# पत्रकार मोनू शर्मा की नानी के निधन पर शोक

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )** पत्रकार साथी मोनू शर्मा की नानी इंद्रानी शर्मा पुखरायां का निधन होने की खबर लगते ही चहुंओर शोक की लहर दौड़ गई कस्वा में स्थित ऋषभ पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के सभागार में शोकसभ का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट अखिलेश सविता ने कहा कि नानी जी बड़ी ही नेक महिला थी वह हमेशा हम लोगों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा जगत की ओर प्रेरित करती रही पत्रकार अंकित सेन ने कहा कि नानी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था वह जो दूसरों से कहती खुद पर अमल करती थी वरिष्ठ पत्रकार राकेश टीहर ने कहा कि नानी जी ने सदैव सच्चाई के मार्ग पर चलने की सीख दी इस मौके पर वेद प्रकाश याज्ञिक महेंद्र गौतम योगेन्द्र प्रजापति रामबाबू रजक रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा समेत अन्य साथियों की मौजूदगी रही है

# इंस्पेक्टर के नेतृत्व मिशन शक्ति -5 द्वितीय अभियान चलाया

## बाजार, रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं तथा बालिकाओं से संवाद किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शुक्रवार को कोतवाली की महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में स्थानीय नगर के स्टेशन, बजरिया तथा सार्वजनिक स्थानों में मिशन शक्ति -05 अभियान चलाया गया। इस दौरान रिक्रूट महिला सिपाहियों के द्वारा भीड़-भाड़ वाले इलाको में घूम-घूम कर महिलाओं , बालिकाओं को जानकारियां देते हुए जागरूक किया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन चौराहे, बजरिया,हनूमान मंदिर चौराहा रावगंज, गणेशगंज चौराहा आदि व्यवसायिक तथा सार्वजनिक स्थानों में आने जाने वाली महिलाओं,छात्राओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालम्बन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ममतेश कुमारी के नेतृत्व में महिला सिपाहियों सोनम देवी, संध्या यादव, सोनी गौतम के अलावा रिक्रूट महिला कांस्टेबलों नेहा देवी, लक्ष्मी उपाध्याय, गीतांजलि द्विवेदी, आदि ने मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बांटा। टीम ने जगह-जगह रुक रुक कर महिला को सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। इसी तारतम्य में महिलाओं को जागरुक करते शासन की योजनाओं को बताया, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# यूपी में क्यों भाग रहीं हैं बीवियां? 4 बच्चों की मां से लेकर नई दुल्हन तक, वजह जानकर चौंक जाएंगे

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश से आए दिन ऐसी खबरें सामने आती हैं, जहां शादीशुदा महिलाएं अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर चली जाती हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे मामले भले ही मजाक, मीम्स और एंटरटेनमेंट का विषय बन जाते हों, लेकिन जिन परिवारों पर यह बीतती है, उनके लिए यह जिंदगी भर का दर्द बन जाता है।

कहीं चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो जाती है, कहीं नई नवेली दुल्हन शादी के कुछ दिन बाद ही घर छोड़ देती है। इन घटनाओं के पीछे टूटते रिश्ते, सामाजिक दबाव और बिखरते परिवारों की एक बड़ी कहानी छिपी है। ताजा मामला हापुड़ जिले से सामने आया है, जहां नगर कोतवाली क्षेत्र के बदनौली गांव में चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर चली गई। पति के मुताबिक, जब वह घर लौटा तो पत्नी गायब थी। आरोप है कि वह नगदी और जेवर भी अपने साथ ले गई। पीड़ित ने पुलिस और एसपी कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि 15 साल पुरानी शादी और चार बच्चों का परिवार एक झटके में टूट गया। ऐसा ही मामला कुछ समय पहले कानपुर में भी चर्चा में आया था, जहां पत्नी के घर छोड़ने का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वीडियो में महिला बैग लेकर घर से निकलती दिखाई दी थी। पति ने दावा किया था कि उसने पत्नी को एक युवक से फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया था, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ और कुछ दिनों बाद महिला कैश और ज्वेलरी लेकर घर छोड़ गई। बांदा में सामने आया मामला और भी चौंकाने वाला था। यहां शादी के महज 30 दिन बाद एक नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ चली गई। हैरानी की बात यह रही कि उसका प्रेमी वही फोटोग्राफर बताया गया, जो शादी समारोह की तस्वीरें खींचने आया था। पति पेशे से डॉक्टर था। आरोप था कि महिला लाखों रुपये के जेवर और नकदी भी साथ ले गई। सामाजिक शर्म और दबाव के चलते पति ने कई दिनों बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इन घटनाओं का असर कई बार बेहद दुखद रूप भी ले लेता है। हरदोई में पत्नी के घर छोड़ने से परेशान एक मजदूर ने आत्महत्या कर ली थी। वहीं एक अन्य मामले में, पुलिस द्वारा महिला को बरामद किए जाने के बाद गुस्साए पति ने पुलिस कस्टडी में ही पत्नी पर गोली चला दी थी। हालांकि, हर मामला अलग परिस्थितियों और व्यक्तिगत संबंधों से जुड़ा होता है। लेकिन लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं रिश्तों में बढ़ती दूरी, संवाद की कमी, सामाजिक दबाव और पारिवारिक टूटन जैसे कई गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

# भतीजी के प्रेमी को पीट-पीटकर मारने वाले चाचा की भी मौत

( यंग भारत न्यूज )

**मौदहा, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर 29 अक्टूबर 25 को हुई हिंसक घटना में घायल हुए प्रेमिका के चाचा की इलाज के दौरान बुधवार की शाम कानपुर के हैलट में मौत हो गई।

जबकि प्रेमी को घटना वाले दिन ही पीट-पीटकर मार डाला गया था। इस प्रकरण में मृतक के पिता ने पांच लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें चाचा भी नामजद था। बांदा जनपद के जसपुरा कस्बा निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग रवि श्रीवास 29 अक्टूबर 2025 को अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव परछछ पहुंचा था। इसी दौरान खेत से लौटे प्रेमिका के 35 वर्षीय चाचा पिंटू ने उसे देख लिया। दोनों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी। रवि ने चाकू से पिंटू पर हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर घर और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और रवि को पकड़ लिया। इसके बाद उसे बंधक बनाकर लाठियों से जमकर पीटा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रेमी रवि की मौत की जानकारी मिलते ही प्रेमिका ने भी आत्मघाती कदम उठाते हुए चाकू से अपना गला रेत लिया और हाथ की नस काट ली थी, जिसे गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था? घटना के बाद रवि के पिता उमाशंकर ने कोतवाली में पिंटू समेत पांच लोगों के खिलाफ पुत्र की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घायल पिंटू का इलाज लगातार कानपुर के हैलट अस्पताल में चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो सका। बुधवार की शाम उपचार के दौरान पिंटू की भी मौत हो गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रेम-प्रसंग में जान गंवाने वाला रवि प्रेमिका का रिश्ते में चचेरा भाई था। रवि का परिवार परछछ से निकलकर बांदा जनपद के जसपुरा कस्बे में बस गया था। वारदात से पांच माह पूर्व रवि प्रेमिका को तब भगा ले गया था, जब उसकी शादी होने में चार दिन बचे थे। पुलिस के दबाव के चलते 15 दिन बाद प्रेमिका को गांव छोड़ गया था। इस बार भी प्रेमिका की शादी तय थी। दो नवंबर को बारात आने वाली थी। इससे पहले ही रवि गांव आ धमका और उसे अपने साथ ले जाने की कोशिश में मारा गया।

# चंदौली में सपा नेता पार्टी की ही महिला नेता के साथ आपत्तिजनक हाल में पकड़ाए, परिजनों ने जमकर पीटा, महिला नेता अस्पताल में भर्ती

( यंग भारत न्यूज )



**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जिले की एक सपा महिला नेता को सपा के ही एक अन्य नेता के साथ रंगरेलियां मनाते हुए परिजनों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। इस घटना के दौरान सपा नेता की पत्नी अपने बच्चों के साथ वहां पहुंच गईं और उन्होंने महिला सपा नेता की पिटाई कर दी। इस पिटाई के कारण महिला नेता गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी। घायल महिला नेता को पीडीडीयू नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। इस मामले में शामिल लोगों को पुलिस ने पकड़कर चौकी ले गई है। सपा के नेताओं से जुड़ा यह मामला होने के कारण पार्टी के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच इस प्रकरण को लेकर काफी चर्चा हो रही है। यह घटना सपा के लिए एक संवेदनशील मुद्दा बन गई है, जिससे पार्टी की छवि पर असर पड़ सकता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब महिला नेता और सपा के अन्य नेता एकांत में थे। परिजनों ने जब उन्हें देखा, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। इस घटना ने न केवल राजनीतिक हलकों में हलचल मचाई है, बल्कि समाज में भी चर्चा का विषय बन गया है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। वहीं, कुछ नेताओं ने इस घटना की निंदा की है और इसे व्यक्तिगत विवाद करार दिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पक्षों से बयान लिए जाएंगे और मामले की पूरी जांच की जाएगी।

# इसके साथ हलाला करो... भरी पंचायत में सुनाया फरमान गिड़गिड़ाती रही महिला फिर भी जबरन...



( यंग भारत न्यूज )

**बरेली।** प्रदेश के बरेली जिले में एक तलाक पीड़ित बेबस महिला का बड़ा दर्द सामने आया है और इस तलाक पीड़ित महिला को दर्द किसी और ने नहीं बल्कि उसके अपने ही धर्म के हलाला शौकीनों का दिया हुआ है.

आरोप है कि तलाक के बाद वह ईद्दत में थी और इसी दौरान धर्म के ठेकेदारों की एक पंचायत बैठाई गई, जिसमें महिला को सुने बिना सीधे हलाला का आदेश दे दिया गया. आरोप है कि महिला हलाला के लिए तैयार नहीं हुई तो इसके बाद धर्म के ठेकेदारों ने उसे पकड़कर जबरदस्ती उसके साथ हलाला करने का आदेश दे दिया और न मानने पर उसे इस्लाम से खारिज करने का फरमान सुना दिया. महिला किसी तरह इज्जत बचाकर बरेली के एसएसपी के ऑफिस में पहुंच गई, जहां एसपी अनुराग आर्य के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है. हलाला का यह बेहद गंभीर मामला बरेली जिला के थाना नवाबगंज इलाका का है. यहां की रहने वाली एक मुस्लिम महिला का आरोप है कि उसका अपने पति से तलाक हो गया. तलाक के बाद वह ईद्दत में थी. इसी बीच पंचायत बैठाई पंचायत में कई उलमा मौलाना और धर्म के ठेकेदार शामिल हुए. आरोप है कि इन धर्म के ठेकेदारों ने महिला को सुने बिना सीधे हलाला का फरमान सुना दिया. महिला हलाला के लिए शारीरिक संबंध बनाने के लिए तैयार नहीं हुई तो आरोप है कि उसके साथ जबरदस्ती की गई और जब उसने फिर भी विरोध किया तो अब उसे इस्लाम से खारिज करने की धमकी दे दी गई. इसके बाद पीड़ित महिला अपनी फरियाद लेकर एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के दफ्तर पहुंची, जहां एसएसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू करदी है. वहीं मुस्लिम धर्म गुरुओं की मानें तो हलाला शरीयत की नजर में एक शरई पहलू है. अगर महिला हलाला के लिए तैयार नहीं है तो उसके साथ किसी भी तरह की जोर जबरदस्ती नहीं की जा सकती. महिला के साथ किसी भी तरह का बल प्रयोग नहीं किया जा सकता है. अगर महिला के साथ ज्यादती हुई है तो वह शरीयत की नजर में मुजरिम हैं.

# जिसके लिए बेच दी पैतृक संपत्ति, उसी पत्नी ने नौकरी पाते ही फेर ली नजर, प्रेमी के साथ पकड़ी गयी

( यंग भारत न्यूज )



हाजीपुर में एक बार फिर 'ज्योति मौर्या' जैसा मामला सामने आया है, जिसने वैवाहिक रिश्तों और भरोसे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार के वैशाली जिले से आई इस सनसनीखेज खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया है।

यहां एक पति ने अपनी पैतृक जमीन बेचकर पत्नी को पढ़ाया-लिखाया, ताकि उसका भविष्य संवर सके। लेकिन जैसे ही पत्नी को बीपीएससी शिक्षिका की नौकरी मिली, उसके तेवर बदल गए। आरोप है कि नौकरी मिलते ही महिला ने अपने एक पुराने कॉलेज मित्र को दिल दे दिया और पति व 10 साल के मासूम बेटे को अधर में छोड़ दिया। मामला तब और बिगड़ गया जब पति ने अपनी शिक्षिका पत्नी को उसके कथित प्रेमी के साथ एक बंद कमरे में रंगे हाथों पकड़ लिया। यह हाई-प्रोफाइल ड्रामा हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के लिच्छवि नगर में देखने को मिला। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें शिक्षिका हाई-वोल्टेज ड्रामा करती दिख रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम के सामने ही पति-पत्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जहां पति अपनी आपबीती सुनाते हुए रो पड़ा, वहीं पत्नी भी उस पर पलटवार करती नजर आई। फिलहाल यह पूरा विवाद अब थाने से निकलकर कोर्ट की चौखट तक पहुंच चुका है। दरअसल, इस पूरी कहानी की शुरुआत साल 2013 में हुई थी, जब बिदुपुर थाना क्षेत्र के माइल पंचायत के रहने वाले अमन कुमार की शादी हाजीपुर की गुंजन कुमारी से हुई थी। शादी के वक्त गुंजन सिर्फ इंटर पास थी, लेकिन उसके भीतर आगे बढ़ने की चाह थी। अमन ने भी एक अच्छे पति का फर्ज निभाते हुए उसे आगे पढ़ाने का फैसला किया। अमन के मुताबिक, माता-पिता के निधन के बाद घर की माली हालत बेहद खराब हो गई थी। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी और साल 2022 में अपनी पैतृक संपत्ति की डेढ़ कट्ठा जमीन बेच दी, ताकि गुंजन की बीएड (क्कश्वस्र) की पढ़ाई पूरी हो सके।

# शादी का झांसा देकर किया सेक्स', तिलक समारोह के बाद भड़की दुल्हन?

( यंग भारत न्यूज )



**अंबिकापुर**. शादीब्याह के घरों में जहां शहनाइयों की गूंज और खुशियों का माहौल होता है, वहां कभीकभी कुछ ऐसे चौंकाने वाले मामले सामने आ जाते हैं जो दोनों पक्षों के पैरों तले जमीन खिसका देते हैं.

ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से सामने आया है, जहां तिलक समारोह संपन्न होने के ठीक बाद दुल्हन ने न सिर्फ शादी करने से साफ इनकार कर दिया, बल्कि अपने होने वाले पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज करवा दिया. युवती का आरोप है कि युवक ने उसे शादी का झांसा दिया था और पिछले 4 साल से उसके साथ सेक्स कर रहा था. इस हाईवोल्टेज ड्रामे और शिकायत के बाद अंबिकापुर की गांधीनगर थाना पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है. मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में शामिल युवक और युवती दोनों की उम्र 26 साल है और वे दोनों अंबिकापुर की ही एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं. काम के दौरान ही दोनों एकदूसरे के संपर्क में आए थे और उनके बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया था. यह रिश्ता इतना गहरा गया कि पिछले 4 साल से दोनों अंबिकापुर में ही एक साथ लिवइन रिलेशनशिप में रह रहे थे. जब इस बात की जानकारी दोनों के परिजनों को हुई, तो उन्होंने सामाजिक रीतिरिवाजों और आपसी सहमति के साथ दोनों की धूमधाम से शादी कराने का फैसला किया. शादी की तैयारियां बहुत जोरोंशोरों से चल रही थीं, रिश्तेदारों को निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके थे और घरघर में शादी के कार्ड भी बंट चुके थे. इसके बाद तय कार्यक्रम के अनुसार, बलरामपुर जिले के रामानुजगंज स्थित ग्राम धनपुरी में युवक के घर पर तिलक समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जहां सभी रस्में निभाई गईं. लेकिन इस समारोह के खत्म होते ही दोनों पक्षों के बीच अचानक विवाद शुरू हो गया. बात इतनी ज्यादा बिगड़ गई कि युवती ने अचानक शादी का रिश्ता तोड़ने का ऐलान कर दिया. शुरुआत में इस पारिवारिक और आपसी विवाद का मामला लुंड्रा थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझाबुझाकर शांत कराया और घर भेज दिया था. लेकिन युवती का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने अंबिकापुर के गांधीनगर थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करा दी. गांधीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में लुंड्रा थाना क्षेत्र की रहने वाली इस युवती ने पुलिस को बताया कि उसने यह शादी दहेज की मांग और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा किए गए परिजनों के अपमान के चलते तोड़ी है. इसके साथ ही उसने आरोप लगाया कि युवक शादी का झांसा देकर पिछले 4 सालों से लगातार उसका शारीरिक शोषण यानी दुष्कर्म कर रहा था. पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्परता दिखाई और युवती की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया. इस घटना के बाद से इलाके में इस बात की जमकर चर्चा हो रही है कि कैसे तिलक की रस्में पूरी होने के बाद भी एक शादी चंद घंटों में पूरी तरह टूट गई और दूल्हा मंडप की जगह जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया.

# रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की जान ले गया एयर कंडीशनर! एसी ऑन करके सोने वाले आज ही नोट कर लें ये 5 बातें, वरना पछताएंगे

( यंग भारत न्यूज )



दिल्ली का हौज खास इलाका उस समय दहल उठा, जब एक पॉश कॉलोनी में जोरदार धमाका हुआ. घर की दीवारें हिल गईं और देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया. यह कोई आतंकी हमला या सिलेंडर ब्लास्ट नहीं था, बल्कि गर्मी से राहत देने वाले एक एसी का विस्फोट था.

इस हादसे में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी धनेंद्र कुमार की मौत हो गई. शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग एसी के इनडोर यूनिट में धमाके के बाद लगी, जिसके बाद पूरे घर में धुआं फैल गया और अफरा-तफरी मच गई. आखिर कैसे गर्मी से राहत देने वाला एसी मौत की वजह बन गया? क्यों एसी में होता है ब्लाट और क्या है इससे बचने का तरीका, आइए जानते हैं. पुलिस और फायर ब्रिगेड के अनुसार, हादसा रात लगभग 11:15 बजे हुआ. शुरुआती जांच में सामने आया है कि घर में लगे एसी की इनडोर यूनिट में अचानक एक जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते आग लग गई. गर्मी का मौसम होने के कारण आगे तेजी से फैली और पूरे फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया. धुएं का गुबार इतना तेज था कि वर्ल्ड बैंक में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक रहे धनेंद्र कुमार जी को संभलने का मौका तक नहीं मिला और सफोकेशन के कारण एम्स ट्रॉमा सेंटर में उन्होंने आखिरी सांस ली. वहीं उनके बेटे का इलाज जारी है और डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है. दिल्ली समेत देश के कई शहरों में इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है. पारा 42-44 डिग्री को भी पार कर जा रहा है. ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए एसी का इस्तेमाल लगातार कर रहे हैं. लगातार एसी का इस्तेमाल होने से एसी ब्लास्ट होने और आग लगने की खबरें आ रही हैं. इसके पीछे 4 बड़ी वजहें हैं, आइए जानते हैं कि कैसे गर्मी दूर करने वाला एसी खुद ही आग के गोले में बदल जा रहा है. गर्मी से राहत पाने के लिए लोग एसी को बिना ब्रेक दिए लगातार कई घंटों तक 16 या 18 डिग्री सेल्सियस पर चलाते हैं, इतने लंबे समय और इतने कम टेंपरेचर पर एसी काम करने के कारण कंप्रेसर पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है. इस भीषण गर्मी में मशीन को ठंडा होने का समय नहीं मिलता और वह ओवरहीट होकर ब्लास्ट हो जाती है.एसी के अंदर मौजूद गैस विशेष रूप से पुरानी गैसें ज्वलनशील होती हैं. अगर वायरिंग पुरानी हो या शॉर्ट सर्किट हो जाए, तो चिंगारी उठते ही गैस आग पकड़ लेती है. कई बार लोग पैसे बचाने के चक्कर में लोकल मैकेनिक से काम करवा लेते हैं, जो अच्छी क्वालिटी की वायर या कैपेसिटर का इस्तेमाल नहीं करते हैं. धूल-मिट्टी के कारण अगर सर्विसिंग न हो, तो वेंटिलेशन रुक जाता है और इससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है. गर्मियों में अचानक बिजली का लोड बढ़ने से वोल्टेज फ्लक्चुएशन होता है, जो स्टेबलाइजर न होने की स्थिति में सीधे कंप्रेसर को उड़ा देता है. अगर यह बार-बार होता है तो कंप्रेसर पर बुरा असर पड़ता है और हादसा होने का खतरा बढ़ जाता है. अगर आप नहीं चाहते कि आपके घर की ठंडी हवा देने वाला एसी कभी किसी हादसे में बदले, तो इन 5 बातों का विशेष ध्यान रखें- रात में सोते समय टाइमर या फिर स्लीप मोड का ऑन करें. लगातार कई घंटों तक एसी को चलाने के बजाय बीच में 1-2 घंटे का ब्रेक दें, जिससे कंप्रेसर ठंडा हो सके. एक्सपर्ट्स के अनुसार, एसी को हमेशा 24 से 26 डिग्री पर चलाना सबसे सेफ माना जाता है. इससे मशीन पर लोड नहीं पड़ता और बिजली का बिल भी कम आता है. हमेशा कंपनी से ही मैकेनिक बुलाकर सर्विसिंग कराएं. हर सीजन की शुरुआत में गैस लीकेज और वायरिंग की जांच जरूर करवाएं.

# संजय वर्मा फायरिंग प्रकरण में आठ आरोपियों पर दोष सिद्ध, आठ दोष मुक्त, सजा पर फैसला सुरक्षित

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सात वर्ष पूर्व कारोबारी संजय वर्मा पर दिन दहाड़े कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनके निजी सुरक्षा कर्मी की हत्या करने वाले आरोपियों को आज न्यायालय विशेष न्यायाधीश ई सी एक्ट अनुभव द्विवेदी की अदालत ने फैसला सुनाते हुए आठ आरोपियों को दोष सिद्ध कर दिया। वही आठ आरोपी पर साक्ष्य के अभाव में दोष साबित नहीं होने पर उन्हें दोष मुक्त कर दिया। दोष सिद्ध आरोपियों की सजा पर फैसला सुरक्षित रखा है। शनिवार को दोष सिद्ध आरोपियों को सजा सुनाने के लिए फैसला सुरक्षित रखा गया है।



अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र पंचाल, देवेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के बड़े कारोबारी थाना शहर कोतवाली मजदूरों वाली गली निवासी हाल विश्विद्यालय के पास निवासी संजय वर्मा 21 जुलाई 2018 को कचहरी से अपनी तारीख पेशी कर कार से सवार होकर घर जा रहे थे। जैसे ही उनका काफिला कचहरी चौराहे से बस स्टैंड जाने वाले मोड़ पर पहुंचा तभी बीएसए कार्यालय के पुस्तकालय भवन के गेट के निकट बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर बंदूकों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस घटना में संजय वर्मा ओर उनकी गाड़ी का चालक घायल हो गए थे। वही उनके साथ मौजूद उनका निजी सुरक्षा कर्मी की गोलियां लगने से मौत हो गई थी। वही संजय वर्मा ओर उनकी गाड़ी का चालक बंदूकों से हुई फायरिंग में घायल हो गए थे। संजय वर्मा की तहरीर पर नवाबाद थाना पुलिस ने लाली गैंडा उर्फ संदीप गुप्ता, रिंकू गैंडा, राजेंद्र गुर्जर, मुनेंद्र गुर्जर उर्फ पुष्पेंद्र गुर्जर, राव राजा, गुर्जर, प्रहलाद गुर्जर, उधम सिंह, सोनू गैंडा, भारत सिंह गुर्जर, सरदार सिंह गुर्जर, कमलेश यादव, गौरव उर्फ मोंटी, सागर राणा, नितेश पटवारी, रोहित, रोहतास के खिलाफ धारा 148,149,302,120 वी, 307 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना जारी कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा था। इन आरोपियों में से कुछ आरोपी सरदार सिंह गुर्जर ओर उसके भाई पहले जेल में मौजूद थे। पुलिस ने जेल में बंद आरोपियों को 120 वीं का आरोपी बनाया था। इस मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आज आठ आरोपियों पर दोष सिद्ध हो गया ओर आठ आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिए गए है। न्यायालय दोष सिद्ध आरोपियों पर फैसला सुरक्षित रख सजा पर फैसला अगली तारीख पर सुनाया जाएगा।

### हो चुकी सीबीसीआईडी जांच, सीजीएम कोर्ट ने लिया था संज्ञान

झांसी। इस मामले में आरोपी बनाए गए एक आरोपी सोनू गैंडा ने इस पूरे प्रकरण में सीबीसीआईडी जांच कराई थी। जिसमें सीबीसीआईडी जांच कर रहे निरीक्षक का विवेचना के पूर्व तबादला हो गया था और वह न्यायालय में विवेचना संबंधी दस्तावेज दाखिल नहीं कर पाए थे। जिस पर आरोपी सोनू गैंडा के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। इस पर आरोपी ने विवेचनाधिकारी के द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में क्लीन चिट मिलने वाला दस्तावेज खुद न्यायालय में दाखिल कर दिया था। जिस पर सीजेएम कोर्ट ने आरोपी द्वारा अपने पक्ष में विवेचक का दस्तावेज दाखिल करने पर खासी नाराजगी व्यक्त की थी ओर सोनू गोंडा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर विवेचक के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

### भोपाल से हुई थी गिरफ्तारी

झांसी। इस फायरिंग प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी सोनू गैंडा की गिरफ्तारी के लिए मंडी चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह तक्कर ने की थी भोपाल से गिरफ्तारी

### अखबार खबर पढ़कर प्रसन्न हुए थे आरोपी, फोटो सामने आने के बाद हुई थी गिरफ्तारी

झांसी। कारोबारी संजय वर्मा की हत्या करने के लिए बाहर से शूटर बुलवाए गए थे। शूटर घटना को अंजाम देकर बाइक से भाग निकले थे। इनका एक सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद हुई थी जिसके बाद पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। सीसीटीवी कैमरे में कैद शूटर बिल्कुल साधारण लिवास ओर पैरों में चप्पल पहने थे। घटना के बाद अगले दिन समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित के बाद काफी खुश थे हमलावर क्योंकि उनका कही कोई नाम प्रकाश में नहीं आया था। यह बात शूटरों ने गिरफ्तारी के बाद कबूली थी।

### सबसे चर्चित ओर बड़ी घटना थी

झांसी। दिनदहाड़े कारोबारी संजय वर्मा पर फायरिंग में उनके अंगरक्षक की मौत की घटना जिले में सबसे बड़ी घटना बन गई थी। करीब दिन दहाड़े ताबड़तोड़ गोलियों से चार पहिया गाड़ी को छलनी करने ओर अंगरक्षक की मौत के बाद जनपद में दहशत जैसा माहौल बन गया था।

### अभियोजन ने दोहराया था क्राइम सीन

झांसी। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने को अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे एडीजीसी क्राइम मृदुलकांत श्रीवास्तव ओर उनकी टीम ने तीन वर्ष पूर्व घटना स्थल पर पहुंच कर क्राइम सीन दोहराया था। जिसमें यह जांच की गई थी कि हमलावरों ने कितनी दूरी से संजय वर्मा ओर उनकी गाड़ी को निशाना बनाया था।

### नवाबाद थाना के बाद उरई जिले की पुलिस ने की थी विवेचना

झांसी। अपने ऊपर हुए जान लेवा हमला ओर अंगरक्षक की मौत की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद कारोबारी संतुष्ट नहीं दिखे थे। जिस पर इस मुकदमे की विवेचना उरई जिले के एट थाना स्थानांतरित कर दी थी। एट थाना प्रभारी तत्कालीन देवेंद्र दुबे ने इस पूरे प्रकरण की विवेचना करते हुए आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

### पुलिस छावनी में तब्दील रहा कचहरी परिसर

झांसी। दिन दहाड़े हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना में हत्या ओर जान लेवा हमला करने के आरोपियों का न्यायालय द्वारा आज फैसला सुनाया जाना था। जिस पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से आज एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में कचहरी परिसर में सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुलिस बल द्वारा न्यायालय परिसर में आने जाने वालों पर नजर रखी जा रही थी साथ ही संदिग्ध गतिविधि दिखने वाले व्यक्तियों को उनकी तलाशी के बगैर अंदर जाने नहीं दिया गया।

### इन पर हुआ दोष सिद्ध

झांसी। संजय वर्मा पर फायरिंग करने के आरोप में आज न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए , उधम सिंह, भूपेंद्र, प्रहलाद, राजेंद्र गुर्जर, कमलेश यादव, बोबी गैंडा, सोनू गैंडा, रिंकू गैंडा।

### यह हुए दोष मुक्त

झांसी। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान साक्ष्य के अभाव में सरदार सिंह गुर्जर, सनम, सागर, रोहतास, गौरव उर्फ मोंटी, नितेश पटवारी, राव राजा, भारत सिंह, को दोष मुक्त कर दिया है।

# आयिका 105 विजिज्ञिसा श्री माताजी का गुरसराय में मंगल प्रवेश

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** आज धर्मनगरी गुरसरांय में आचार्य श्री 105 विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आयिका105विजिज्ञिसा श्री माता जी ससंघ का गुरसरांय दिगंबर जैन समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई । आयिका विजिज्ञिसा श्री माता जी ससंघ की दिगंबर जैन समाज द्वारा कॉलेज,कटरा बाजार,मोदी चौराहा,होते हुए श्री नसिया जी जैन मंदिर पर महाराज जी एवं समस्त भक्तों ने भगवान के दर्शन किये। नगर के भक्तों द्वारा जगह-जगह पर रंगोली चोक लगाकर माता जी के पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई।

मेन बाजार होते हुए दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में विराग सागर सभागार पहुंचे भक्तों के द्वारा भाता जी श्री ससंघ के पाद प्रक्षालन किए गए एवं आचार्य जी का चित्र अनावरण करके मुनि श्री ससंघ को शास्त्र भेंट किऐ । माता जी ने मुखारविंद से सभी भक्तों को मधुर वाणी से अभिशिंचित किया, एवं टहरौली जैन समाज,चिरगांव जैन समाज, टोडी फतेहपुर जैन समाज से पधारे हुए सभी भक्तों ने मुनि श्री को श्रीफल भेट किया ।दिगंबर जैन समाज एवं सभी समुदाय के लोगों ने मुनि श्री की अगवानी में शामिल होकर धर्म लाभ लिया । इस मौके पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन मोदी ,रमेश चंद जैन ,रवि जैन ,आजाद जैन, राजेंद्र नुनार ,सुनील सिंधई ,सुनील करगुवा, प्रदीप जैन ,सत्तू जैन कल सरिया, मिंटू जैन ,सचिन जैन, संकेत जैन, राजेश जैन, बॉबी जैन, वैरायटी अभिषेक, नवीन जैन ,सक्षम जैन ,मुदित जैन ,रोहित जैन, अरविंद जैन ,नरेंद्र ,बिट्टू जैन, जैन विराज मोदी ,श्रीमती पुष्पा जैन सीरिया वाली ,विनीत जैन, सुषमा जैन, सपना जैन ,कल्पना जैन ,प्रीति जैन ,जूली जैन, संध्या जैन, शोभा जैन ,नीलम जैन, मंजू सिंघई ,अंजू सिंघई ,निम्मी जैन, तान्या जैन, गोरी जैन ,सविता जैन, सिम्मी जैन आदि उपस्थित रहे।

# भगवान परीक्षा से नहीं प्रतीक्षा से मिलते हैं!महंत वैदेही बल्लभ शरण

## परसुवा में श्रीमद्भागवत का हुआ समापन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय/** ग्राम परसुवा में चल रहे श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री मदभागवत कथा पुराण के विश्राम दिवस के अवसर पर बावन जी मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही बल्लभ शरण महाराज ने सती चरित्र का वर्णन किया!

महंत जी ने कहा कि यदि भगवान को पाना चाहते हैं तो भक्ति भाव से भगवान को अपना सब कुछ मानते हुए प्रतिक्षा करनी होगी भगवान परीक्षा से प्राप्त नहीं होते हैं! कथा प्रसंग में महंत जी ने कहा कि माता सती ने शंकर भगवान की बात ना मन कर भगवान की परीक्षा लेना चाही परिणाम स्वरूप अपनी देह त्याग करनी पड़ी !इसके विपरीत शबरी माता ने भक्ति में लीन होकर भगवान की प्रतीक्षा की !भगवान ने प्रसन्न होकर के स्वयं शबरी के आश्रम में जाकर दर्शन दिए! महंत जी ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ करने से मन में उत्पन्न होने वाली शंकाएं दूर होती है और मनुष्य का आत्म बल मजबूत होता है! श्री मद भागवत पुराण के कथा व्यास सुरेंद्र तिवारी गुड्डू महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा एक संतोषी ब्राह्मण थे ।वह हमेशा भगवान की भक्ति में लीन रहकर जीवन यापन करते थे। श्री कृष्ण के परम मित्र सुदामा ने कभी भी अपने मित्र से कुछ मांगा नहीं, लेकिन श्री कृष्ण ने मित्र भाव रखकर उनको धन-धान्य से परिपूर्ण कर दिया। कृष्ण और सुदामा की मित्रता मानव मात्र के लिए एक उदाहरण है! संगीतमय कथा में बैंजो पर जयराम,पैड पर महेंद्र मिश्रा, तबला पर गोलू विरथरिया एवं की बोर्ड पर सत्यम ने संगत दी! आरती श्रीमती पुष्पा संतराम तिवारी ने की! संचालन मेजर अखिलेश पिपरैया ने किया! श्री सीताराम महायज्ञ, आचार्य अरविंद कृष्ण शास्त्री के द्वारा संपन्न कराया गया! यज्ञ की पूर्णाहुति में गांव के समस्त पुरुष एवं महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई! इस अवसर पर भाजपा नेता प्रतिपाल सिंह रामजी परिहार,अमरदीप द्विवेदी,कमलेश द्विवेदी, आत्मादास दिल्ली,सुंदरभान मिश्रा, विनोद द्विवेदी मुकेश मिश्रा, जगतपाल रमाकांत सोनकिया आदि उपस्थित रहे!

# विवेक की दृष्टि खुलने पर किसी से भी शिक्षा प्राप्त कर सकते-पं ब्रजेश त्रिपाठी

## सुदामा चरित्र के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम भस्नेह शिवालय सरकार पर विष्णु महायज्ञ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का सुदामा चरित्र की कथा के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन भगवान कृष्ण के परम सखा सुदामा जी का वर्णन करते हुए राष्ट्रीय कथा वाचक पं ब्रजेश त्रिपाठी शास्त्री ने कहा कि सुदामा जी परम संतोषी ब्राम्हण थे ।जो संतोषी होता है वह परम धनवान होता है ।इसलिए सुदामा जी को दरिद्र नहीं कहा गया वह धनवान थे ।उन्होंने कहा कि विवेक की दृष्टि खुली हो तो कहीं से भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है ।लेकिन दीक्षा एक गुरु से ही लेनी चाहिए ।कलयुग में हरी नाम संकीरतन ही मुक्ति का साधन है ।भक्ति एवं ज्ञान मार्ग दोनो भगवान की प्राप्ति के साधन है,जिनमे भक्ति मार्ग सबसे सुलभ है ।कथा की समाप्ति पर भजनों की प्रस्तुति पर सारा पांडाल भक्तिमाव में सराबोर हो उठा। भागवत कथा में ऑर्गन पर बीरेन्द्र सिंह,तबले पर धर्मेंद्र कौशिक,पैड पर नीलू एवं आनंद ने संगत की। यज्ञाचार्य पं गणेश दत्त शास्त्री के संयोजन में वैदिक पंडित देवेंद्र शास्त्री,हृदेश कटारे,सुदीप पटेरिया,आनंद स्वरूप दुवे एवं सतीश मिश्रा के द्वारा विधि विधान से यज्ञ का शुभारंभ हुआ ।यज्ञ का पूजन मुख्य यजमान राजू सिंह परमार एवं सहयोगी यजमानों द्वारा किया गया ।भागवत का मूल पाठ आचार्य हरेंद्र गौतम ने किया। गुरसरांय नगर आगमन पर समाजसेवी मेजर अखिलेश पिपरैया ने कथा व्यास का अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया। भागवत की आरती परीक्षित श्रीमती रेखा अखिलेश कनकने ने की। इस दौरान सुखदेव सिंह दीपू अस्ता,द्वारिका प्रसाद पटेरिया,लाखन सिंह ,भारतेंदु बुंदेला सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# पुष्पेंद्र पटेल एम एल सी प्रतिनिधि के रूप में जिले में करेंगे कार्य

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा निरंजन आर पी निरंजन ने जनपद झांसी की गरौठा विधानसभा के कार्यों हेतु प्रतिनिधि नियुक्त कर जिला एवं तहसील प्रशासन को पत्र जारी किए।

उन्होंने पत्र में लिखा कि वह स्वंय एंव उनके पति आर.पी. निरंजन की अनुपस्थिति में जनपद झांसी गरौठा विधासभा की सभी विभागों की मीटिंग एंव विकास कार्यों एंव विधान सभा की जनसमस्याओं के लिए पुष्पेन्द्र पटेल जी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी एंव पूर्व प्रतिनिधि राज्य ऊर्जा मंत्री मो0 न0 8400513448 उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगें साथ ही तहसील मोंठ के लिए रवि पाल जी ग्राम बसोवई पुष्पेन्द्र पटेल का सहयोग करेंगें ।

# चकबंदी गांवों के किसानों को बीमा राशि दिलाने के लिए बबीना विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### -बड़ा आरोपः खरीफ फसल का प्रीमियम भरने के बाद भी मुआवजा न मिलने से किसान आर्थिक संकट में

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बबीना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजीव सिंह पारीछा ने क्षेत्र के चकबंदी वाले गांवों के पीड़ित किसानों की सुध ली है। विधायक ने इन गांवों के किसानों को खरीफ फसल की बीमा क्षतिपूर्ति राशि न मिलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस गंभीर मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर किसानों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

### प्रीमियम जमा करने के बाद भी अटका भुगतान

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बबीना विधायक ने प्रमुखता से बताया कि बबीना ब्लॉक के ग्राम हीरापुर और बुढ़पुरा सहित अन्य चकबंदी गांवों के किसानों ने उनसे मिलकर अपनी व्यथा सुनाई थी। किसानों का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2025-26 में अपनी खरीफ फसल का बाकायदा बीमा कराया था और उसकी प्रीमियम राशि भी समय पर जमा की थी। इसके बावजूद बीमा कंपनियों ने जनपद के अन्य राजस्व गांवों में तो क्षतिपूर्ति राशि का वितरण कर दिया, लेकिन चकबंदी प्रक्रिया से गुजर रहे गांवों के किसानों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

### किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित, खेती-किसानी ठप

विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि लंबे समय से फसल बीमा का भुगतान लंबित होने के कारण क्षेत्र के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। किसानों के पास अगली खेती-किसानी और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने के लिए पैसे नहीं हैं, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।उन्होंने मुख्यमंत्री से पुरजोर मांग की है कि किसानों की इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए संबंधित उच्च अधिकारियों व बीमा कंपनियों को तत्काल कड़े निर्देश जारी किए जाएं। ताकि तकनीकी दिक्कतों को दूर कर प्रभावित किसानों को उनके हक की फसल बीमा राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके।

# बांदा में फिर हुआ बड़ा सड़क हादसा

( यंग भारत न्यूज )



बालू भरा ट्रक काल बनकर सड़क में दौड़ा

एक राहगीर को कुचलने के बाद ई रिक्शा को रौंदा

अब तक पांच की मौत और पांच के घायल होने की सूचना

भीषण हादसे में ट्रक भी पलटा

ड्राइवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राहगीर को कुचल कर भागने के प्रयास में हुआ बड़ा हादसा

मौत की संख्या बढ़ने की आशंका

बिसंडा थाना अंतर्गत हुआ हादसा

अभी तक नहीं हुई आधिकारिक पुष्टि

# बाँदा पहुंचे शंकराचार्य

( यंग भारत न्यूज )



अवमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का बयान,

चुनाव 2027 में जरूरत पड़ी तो चतुरंगी सेना लड़ेगी चुनाव

गाय को माता का दर्जा देने के लिए मुसलमानो का भी समर्थन

उनके अभियान गविष्ठ को मिल रहा जनसमर्थन, सपा के समर्थन मिलने पर कहा जिसकी मर्जी कर सकता है समर्थन, धर्म के कार्य में सबका स्वागत कहा योगी जी से थी उम्मीद पर योगी सरकार हुयी फेल, बुलडोजर के नाम पर केवल डराया धमकाया जा रहा है

महंगाई पर बोले शंकराचार्य, कहा कुछ लोग दो हजार लीटर पेट्रोल भराने को तैयार हैं ऐसे में क्या कहा जाए

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718